हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 19 मार्च 2026

04 अंधे कत्ल का खुलासाः कॉलर पकड़ने पर भड़का...



07 सोहागपुर रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म क्रमांक दो...





# नर्मदापुरम-इटारसी में प्रशासन सख्त, घरेलू सिलेंडर के उपयोग पर प्रतिबंध

## व्यापारियों को दिए वैकल्पिक ऊर्जा अपनाने के निर्देश, सिलेंडरों की कालाबाजारी रोकने के प्रयास तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम/इटारसी

ईरान-इजराइल-अमेरिका युद्ध के बीच एलपीजी के लिए बिगड़ रहे हालात का सबसे बड़ा असर होटल-रेस्टॉरेंट व्यवसाय पर पड़ रहा है। जहां अधिकांश होटल संचालकों ने हाफ प्लेट खाना परोसना बंद कर दिया है,तो वहीं तवा रोटी भी आसानी से मुहैया नहीं कराई जा रही है। ऐसे में कई संचालक ब्लैक में कर्मिशयल सिलेंडर भी ले रहे है। जिन पर प्रशासन ने नजरे गड़ा रखी है।

नर्मदापुरम में जहां सिटी मजिस्ट्रेट देवेंद्र प्रताप सिंह द्वारा रेस्टॉरेंट,होटल और गार्डन संचालकों की बैठक का आयोजन कर उन्हें स्पष्ट निर्देश दिए है कि किसी भी परिस्थिति में घरेलू गैस टंकी का उपयोग न करें। इसके स्थान पर अन्य वैकल्पिक जैसे लकड़ी या फिर कोयले की भट्टी का उपयोग करे। वहीं इटारसी एसडीएम निलेश शर्मा के नेतृत्व में शहर के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडरों के बढ़ते अवैध उपयोग को रोकने के लिए प्रशासन ने अब सख्ती के साथ-साथ जागरूकता का रास्ता भी अपनाया है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) की अध्यक्षता में तहसील कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में उन व्यापारियों और संचालकों को तलब किया गया जो भारी मात्रा में गैस सिलेंडरों का उपयोग करते हैं।

इटारसी एसडीएम निलेश शर्मा ने व्यापारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे केवल गैस पर निर्भर रहने के बजाय ऊर्जा के आधुनिक और वैकल्पिक स्त्रोतों को अपनाएं। प्रशासन ने सुझाव दिया कि व्यावसायिक संस्थानों में डीजल से चलने वाली भट्टी, आधुनिक तंदूर और बिजली से चलने वाले इंडक्शन चूहों का उपयोग किया जाए।

### कालाबाजारी रुकेगी

जिला प्रशासन द्वारा गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए दिए गए सुझावों में सबसे महत्वपूर्ण बिंदु यह था कि चोरी छिपे घरेलू गैस की कालाबाजारी की जा रही है जिसमें गैस संचालकों के कर्मी शामिल होने की आशंका है। ऐसे में एसडीएम निलेश शर्मा ने सुझाव दिया कि व्यावसायिक संस्थानों में डीजल से चलने वाली भट्टी, आधुनिक तंदूर और बिजली से चलने वाले इंडक्शन चूहों का उपयोग किया जाए। जिससे दुकानदारों को भी समस्या नहीं हो साथ ही कालाबाजारी भी रूके। इसके अलावा इससे न केवल घरेलू गैस की कालाबाजारी रुकेगी, बल्कि व्यावसायिक संचालन में भी सुगमता आएगी। आगामी दिनों में हालात भी सामान्य हो जाएगे।



### वैकल्पिक ऊर्जा अपनाने की समझाइश

घरेलू सिलेंडर के उपयोग पर 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाते हुए इटारसी एसडीएम ने बैठक के दौरान व्यापारियों को चेतावनी देते हुए कहा गया कि व्यावसायिक संस्थानों में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित है। यदि भविष्य में किसी भी प्रतिष्ठान पर घरेलू सिलेंडर पाया गया, तो संबंधित व्यापारी के विरुद्ध कड़ी दंडात्मक और वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। हालांकि एसडीएम ने व्यावसायिक संस्थाओं से व्यापारियों का सुझाव भी सुना।

### निगरानी और निरीक्षण




नर्मदापुरम में सिटी मजिस्ट्रेट और इटारसी में एसडीएम ने साफ कर दिया है कि शासन के निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है। इसके लिए राजस्व और खाद्य विभाग की टीमें शहर के विभिन्न क्षेत्रों, विशेषकर होटल, ढाबों और केटरिंग यूनिट्स पर सतत निगरानी रखेंगी। औचक निरीक्षण के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वालों पर प्रशासन का शिकंजा और कस सकता है।

### राजस्व और पुलिस का अमला फील्ड में

जिले की 16 गैस एजेंसियों में सिलेंडरों की कालाबाजारी रोकने के लिए कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशन पर प्रशासन और पुलिस विभाग का संयुक्त दल बनाया गया है। यह दल जिले की हर तहसील में अलग-अलग एसडीएम के नेतृत्व में काम कर रहा है। संयुक्त दल को निर्देश दिए गए हैं कि वो सभी होटल-रेस्टॉरेंट, संभावित ठिकानों की जांच कर यह सुनिश्चित करे कि किसी के द्वारा गैस का स्टॉक तो नहीं किया गया है। अगर स्टॉक पाया गया तो संबंधित पर कठोर कार्रवाई की जाए। इसके अलावा ऊर्जा के आधुनिक और वैकल्पिक स्रोतों को अपनाने की सलाह दी जा रही है। ताकि सिलेंडर आमजनों को मिले।

### होगी कार्रवाई

शासन के निर्देशानुसार कर्मिशयल सिलेंडर की सप्लाइ बंद है,लेकिन जहां ब्लैक में घरेलू सिलेंडर का उपयोग हो रहा है वहां प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है।

**निलेश शर्मा**, एसडीएम इटारसी


## जिंदगी और मौत से जूझ रही बच्ची, हालत नाजुक

# हैवान बनी मांः खेल रही मासूम को चलती ट्रेन के सामने धकेला

नर्मदापुरम में रिश्तों को कलंकित करने वाला एक कृत्य सामने आया है, जहां मां ने ही अपनी बच्ची को ट्रेन के सामने धकेल दिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

मां-बेटी के रिश्तों को शर्मसार और एक दिल दहला देने वाली घटना नर्मदापुरम के रेलवे स्टेशन से सामने आई है, जहां एक मां ने ममता की सारी हदें पार करते हुए अपनी ही 8 साल की मासूम बच्ची को चलती ट्रेन के सामने धक्का दे दिया। इस खौफनाक वारदात ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है। मंगलवार देर रात नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर यह सनसनीखेज घटना हुई। बच्ची युविका राजपूत जो मासूमियत से प्लेटफॉर्म पर खेल रही थी, उसे उसकी मां अंजू सिंह राजपूत ने अचानक सामने से गुजर रही तमिलनाडु एक्सप्रेस के सामने धकेल दिया। ट्रेन के इंजन से टकराकर बच्ची पटरी पर जा गिरी और गंभीर रूप से घायल हो गई। इस घटना के करीब 18 घंटे बाद जीआरपी ने खुलासा किया है मां ने अपनी मासूम बच्ची को ट्रेन के सामने फेंका था।



### बच्ची को तुरंत अस्पताल पहुंचाया

तमिलनाडु एक्सप्रेस के इंजन से टकराने के बाद प्लेटफार्म पर अफरा-तफरी मच गई। आरपीएफ और यात्रियों की मदद से बच्ची को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे भोपाल रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों के अनुसार, बच्ची के सिर, कमर और कंधे पर गंभीर चोटें आई हैं और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। इस रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना का पूरा मंजर स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया है। फुटेज में साफ दिख रहा है कि मां करीब डेढ़ घंटे से बच्ची के साथ स्टेशन पर मौजूद थी और फिर अचानक इस खौफनाक कदम को अंजाम दिया। जीआरपी पुलिस ने आरोपी मां के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है और उससे पूछताछ जारी है। फिलहाल इस हैवानियत के पीछे की असली वजह का खुलासा नहीं हो पाया है।

### ट्रेन निकलने के बाद आरपीएफ और मौजूद लोगों ने बच्ची को अस्पताल पहुंचाने में की मदद

घटना के दौरान बच्ची रेलवे ट्रैक और ट्रेन के बीच फंस गई। ट्रेन गुजरने के बाद मौके पर मौजूद लोगों और आरपीएफ ने बच्ची को तुरंत ट्रैक से बाहर निकाला और जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां उसे आईसीयू में वेंटिलेटर पर रखा गया। बुधवार सुबह हालत गंभीर होने पर उसे भोपाल रेफर किया गया।आरोपी मां के खिलाफ एफआईआर दर्ज की।

### बच्ची की हालत नाजुक

नर्मदापुरम आईसीयू प्रभारी डॉ. संदीप साहू ने बताया कि हादसे के बाद बच्ची के सिर, कमर और कंधे पर गहरी चोटें आई हैं। उसका काफी खून बह गया है और ब्लड प्रेशर भी कम है। बच्ची को वेंटिलेटर पर रखा गया है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं जीआरपी से मिली जानकारी के अनुसार बेहतर उपचार के लिए बच्ची को भोपाल रैफर कर दिया गया था। हालांकि जीआरपी को पहले ही लग रहा था कि खेलते-खेलते बच्ची अचानक ट्रेन के सामने कैसे आ सकती है।

### आरपीएफ ने बच्ची को तुरंत ट्रैक से बाहर निकाला

घटना के दौरान बच्ची रेलवे ट्रैक और ट्रेन के बीच फंस गई। ट्रेन गुजरने के बाद मौके पर मौजूद लोगों और आरपीएफ ने बच्ची को तुरंत ट्रैक से बाहर निकाला और जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां उसे आईसीयू में वेंटिलेटर पर रखा गया। बुधवार सुबह हालत गंभीर होने पर उसे भोपाल रेफर किया गया।आरोपी मां के खिलाफ एफआईआर दर्ज की।

### हत्या के प्रयास का मामला

भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 हत्या के प्रयास का मामला बच्ची की मां अंजू सिंह राजपूत पर दर्ज किया है। उससे पूछताछ जारी है।

**संजय चौकसे**, टीआई जीआरपी इटारसी

## आगामी त्यौहार को लेकर नगर पालिका का अलर्ट जारी

**नर्मदापुरम।** आगामी त्यौहार को लेकर नगरपालिका की स्वच्छता टीम अलर्ट मोर्ड में है। नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा नगर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। स्वच्छता प्रभारी उपयंत्री दीक्षा तिवारी ने बताया कि प्रतिदिन स्वच्छता अभियान तो चलाया ही जा रहा है साथ ही आगामी त्यौहारों को लेकर नगरपालिका की टीम को विशेष स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। नपाध्यक्ष ने बताया कि आगामी त्यौहारों को देखते हुए धार्मिक स्थलों पर विशेष सफाई व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं, जिससे कि श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी न हो।

# छेड़छाड़ के आरोपी को 5 वर्ष का सश्रम कारावास और जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

प्रथम अपर सत्र न्यायालय, सिवनी मालवा तबस्सुम खान की अदालत ने छेड़छाड़ के एक मामले में आरोपी रितिक को दोषी पाते हुए 5 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 2000 रुपये के अर्थदण्ड से दंडित किया है। जुर्माना अदा न करने पर आरोपी को 3 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा।

न्यायालय ने पीड़िता को 20,000 रुपये प्रतिकर राशि दिए जाने की अनुशंसा भी की है। प्रकरण के अनुसार, पीड़िता ने 13 अगस्त 2023 को शिकायत दर्ज कराई थी कि गांव का रहने वाला आरोपी उसे लंबे समय से परेशान कर रहा था। 3 अक्टूबर 2022 (दुर्गा अष्टमी) की रात जब वह गरबा खेलने जा रही थी, तब आरोपी ने रास्ते में रोककर उससे जबरन हाथ पकड़कर छेड़छाड़ की और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी।पीड़िता ने यह भी बताया कि आरोपी स्कूल के सामने भी उसका पीछा करता और इशारे करता था। घटना से भयभीत होकर उसने अपने परिजनों को जानकारी दी, जिसके बाद मामला दर्ज कराया गया। पुलिस द्वारा जांच उपरांत आरोपी के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 354, 354(क), 506 एवं पॉक्सो एक्ट की धाराओं के तहत आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष ने 12 साक्षियों को प्रस्तुत किया, जिनके बयानों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराया। मामले में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक वंदना जाट ने पैरवी की।

## नेत्र शिविर में 120 मरीजों की जांच

**नर्मदापुरम।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी एवं चिरायु अस्पताल, भोपाल के संयुक्त तत्वाधान में जिला चिकित्सालय परिसर स्थित रेडक्रॉस भवन में निशुल्क नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 120 से अधिक नेत्र रोगियों की जांच की गई, जिसमें से मोतियाबिंद से पीड़ित 39 मरीजों को ऑपरेशन हेतु चिरायु अस्पताल भोपाल भेजा गया। यह शिविर कलेक्टर एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी अध्यक्ष सोनिया मीना के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरसिंह गेहलोत के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला रेडक्रॉस प्रबंध समिति के चेयरमेन अरुण शर्मा निर्देशन में किया गया।

## मूल्यों पर आधारित राजनीति ही भाजपा की ताकतः डॉ. शर्मा

**नर्मदापुरम।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल द्वारा स्वयंवरम गार्डन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दूसरे दिन विभिन्न सत्र आयोजित हुए। मंडल अध्यक्ष सागर शिवहरे ने बताया कि सप्तम सत्र में कार्य विस्तार विषय पर पूर्व जिलाध्यक्ष माधवदास अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया, जिसकी अध्यक्षता पीयूष शर्मा ने की। वहीं समापन सत्र वैचारिक अधिष्ठान पर केंद्रित रहा, जिसमें नर्मदापुरम विधायक डॉ. सीताशरन शर्मा ने भाजपा की ताकत को मूल्यों पर आधारित राजनीति बताया। इस सत्र की अध्यक्षता वरिष्ठ कार्यकर्ता अजय श्रीवास्तव ने की। प्रशिक्षण सत्र में चरणजीत सिंह, महेश बावरिया, विकास राठौर, राहुल पटवा, गजेन्द्र चौहान, राहुल ठाकुर, अनुजा मिश्रा, अर्पित मालवीय, आशुतोष शर्मा, अर्पित सोनी, बिंदिया मांझी, मनीष शर्मा आदि मौजूद रहे।

## कार्यक्रम आज से, व्यवस्थाओं दिया गया अंतिम स्वरूप

# श्रीराम जन्मोत्सव का 63वां भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



नर्मदांचल की आस्था के प्रमुख केंद्र श्री द्वारिकाधीश बड़ा मंदिर में 63वें वर्ष में श्री रामजन्म महोत्सव का आयोजन आज चैत्र नवरात्र प्रतिपदा अर्थात गुड़ी पड़वा पर भव्य शुभारंभ होने जा रहा है। आयोजन को ऐतिहासिक सफल बनाने हेतु व्यवस्थाओं को अंतिम स्वरूप दे दिया गया है। आयोजन अंतर्गत समिति द्वारा 1963 से प्रतिवर्ष श्री रामकथा का आयोजन एवं रामनवमी पर शोभायात्रा चल समारोह की परंपरा रही है। आज चैत्र शुक्ल प्रतिपदा गुरुवार से राम नवमी 27 मार्च शुक्रवार तक प्रतिदिन श्रीमद प्रयागपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी ओंकारानंद सरस्वती जी महाराज के मुखारविंद से नगर के श्रद्धालु श्रीराम कथा का श्रवणामृत ग्रहण करेंगे। समिति प्रवक्ता भूपेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक क्षेत्रीय विधायक डॉ सीतासरन शर्मा एवं संरक्षक प्रमोद पगारे के मार्गदर्शन में आयोजन को लेकर समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। मंदिर परिसर को विशेष साज-सज्जा एवं विद्युत रोशनी से सजाया गया है। आयोजन समिति अध्यक्ष डॉ नीरज जैन, कार्यकारी अध्यक्ष विपिन चांडक, सचिव अभिषेक तिवारी ने आयोजन की तैयारियों को लेकर बुधवार शाम समीक्षा की। श्रीराम नवमी पर निकलने वाले चल समारोह में भव्य और दिव्य स्वरूप में अखाड़े, डंडा नृत्य, सांस्कृतिक झांकियों के साथ अपने तय मार्ग से निकलेगा, जिसके लिए भी तैयारियां अंतिम दौर में है। आयोजन समिति पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने नगर के धर्मप्रेमी नागरिकों से प्रतिदिन सायंकाल 7 बजे से श्रीराम कथा श्रवण करने पधारने हेतु आग्रह किया है। कथा में प्रतिदिन शीतल पेय एवं खाद्य पदार्थ के साथ प्रसादी वितरण की जाएगी।

### संवत्सर का नाम रौद्र रहेगा

विक्रम संवत 2083 की शुरुआत आज गुरुवार से हो रही है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार इस वर्ष संवत्सर का नाम रौद्र रहेगा, जिसका प्रभाव वर्षभर सामाजिक, आर्थिक और प्राकृतिक परिस्थितियों पर पड़ सकता है। आचार्य सोमेश परसाई ने बताया कि गुरूवार के दिन नव संवत्सर प्रारंभ हो रहा है जो बहुत अच्छा माना गया है। इस दौरान गाय के गोबर से घर को लीपना चाहिए। बंधनवार, नवीन वस्त्र धारण करना चाहिए। कड़वी नीम की पत्ती में हींग,जीरा,अजवाईन की चटनी बनाके खाना चाहिए।



**खबर संक्षेप**

## कृषि उपज मंडी चार दिन रहेगी बंद

**बैतूल।** बैतूल कृषि उपज मंडी आज 19 से 22 मार्च तक चार दिनों के लिए बंद रहेगी। इस अवधि में सभी प्रकार की नीलामी और खरीदी-बिक्री पूरी तरह से बंद रहेगी। मंडी प्रबंधन के अनुसार, 19 मार्च को गुड़ी पड़वा, 20 मार्च को चैत्र नवरात्रि (चैतीचंड), 21 मार्च को इंदुल फितर और 22 मार्च को साप्ताहिक अवकाश (रविवार) के कारण मंडी बंद रहेगी। मंडी अब सीधे सोमवार को खुलेगी। अवकाश के दौरान मंडी परिसर में किसी भी प्रकार की गतिविधि की अनुमति नहीं होगी।

## खनिज गिट्टी के अवैध परिवहन में संलिप्त 2 वाहनों को किया जब्त

**बैतूल।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत खनिज



विभाग द्वारा 18 मार्च को खनिज अमले के साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन दौरा कर आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान खनिज विभाग द्वारा तहसील आमला क्षेत्रांतर्गत ग्राम डहुआ मुलताई के समीप से खनिज गिट्टी के बिना रॉयल्टी के परिवहन में संलिप्त 01 डम्पर क्रमांक एमपी 48 एच 1625 को जप्त कर पुलिस चौकी दुनावा मुलताई की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है। वहीं आमला क्षेत्रांतर्गत ग्राम नरेश बोरदेही रोड आमला से खनिज गिट्टी के ओवरलोड परिवहन में संलिप्त 1 डम्पर क्रमांक एमपी 48 जेडई 5561 को जप्त कर पुलिस थाना आमला की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है। सभी अवैध परिवहनकर्ताओं के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण नियम 2022 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही कर प्रकरणों को न्यायालय अपर कलेक्टर बैतूल में प्रस्तुत किया जा रहा है।

## अग्निवीर भर्ती 2027 के लिए आवेदन शुरू

**बैतूल।** भारतीय सेना ने अग्निपथ योजना के अंतर्गत भर्ती वर्ष 2027 के लिए अग्निवीर पदों पर चयन प्रक्रिया शुरू है। इसके लिए अविवाहित पुरुष अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित तिथि के भीतर आवेदन कर सकते हैं। जारी सूचना के अनुसार ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया 13 फरवरी 2026 से शुरू है, जो 01 अप्रैल 2026 तक चलेगी। अभ्यर्थियों को आवेदन करने के लिए सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर पंजीकरण करना होगा। तिथियों में किसी भी प्रकार का बदलाव वेबसाइट के माध्यम से ही सूचित किया जाएगा। भर्ती प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन 1 जून से 15 जून के बीच संभावित रूप से किया जाएगा। हालांकि परीक्षा की अंतिम तिथियों की आधिकारिक घोषणा बाद में की जाएगी। इस भर्ती में मध्यप्रदेश के अशोकनगर, बैतूल, भोपाल, छिंदवाड़ा, दमोह, गुना, हरदा, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, पांढुर्ना, पन्ना, रायसेन, राजगढ़, सीहोर एवं विदिशा जिलों के स्थायी निवासी अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे।

## नशा परिवार, समाज और राष्ट्र के लिए अभिशाप



**बैतूल।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला चिचोली सेक्टर चुनाहजुरी ग्राम चुनागोसाई में नवांकुर योजना अंतर्गत है सागर ग्राम उत्थान एवं महिला बाल विकास समिति चिचोली के माध्यम से सेक्टर क्रमांक 3 के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के समस्त सदस्यों का एक दिवसीय क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य समिति के सदस्यों को शासन की योजनाओं, ग्राम विकास गतिविधियों तथा सामाजिक कार्यों में उनकी भूमिका के संबंध में जानकारी प्रदान करना था।

### वृद्ध महिला की हत्या के दोनों आरोपियों को किया गिरफ्तार

# अंधे कत्ल का खुलासा: कॉलर पकड़ने पर भड़का विवाद, बना मौत की वजह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

दो वर्ष पूर्व नवोदय विद्यालय पट्टन रोड पर मिले अज्ञात महिला के शव के मामले में मुलताई पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझा ली है। जांच में सामने आया कि एक मामूली विवाद, जो कॉलर पकडऩे से शुरू हुआ, ने हत्या जैसी गंभीर घटना का रूप ले लिया। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी एजाज अंसारी (40), निवासी प्रभात पट्टन ने सूचना दी थी कि नवोदय विद्यालय रोड किनारे एक अज्ञात महिला का शव पड़ा है।

सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी पट्टन एवं मुलताई पुलिस मौके पर पहुंची और निरीक्षण किया। मृतिका की उम्र लगभग 62 वर्ष पाई गई, जिसके शरीर पर चोटों के निशान और गले पर रस्सी के फंदे (लिगेचर मार्क) के संकेत मिले। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीन ऑफ क्राइम टीम प्रभारी निरीक्षक आबिद अंसारी ने डॉग स्क्वॉड के साथ घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का पाए जाने पर थाना मुलताई में अपराध क्रमांक 735/24 धारा 103(1), 238 बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान मृतिका की पहचान सरूबाई बोहरपी, निवासी ग्राम देवगांव के रूप में हुई। संदेह के आधार पर सुनील बोहरपी से पूछताछ की गई, जिसने अपराध स्वीकार करते हुए अपने साथी अविनाश गाठे का नाम भी बताया।





### ऐसे हुआ था पूरा घटनाक्रम

वर्ष 2024 में आरोपी सुनील बोहरपी ने ग्राम देवगांव में एक मकान खरीदा था, जिसे लेकर पैसों का विवाद चल रहा था। उसी क्षेत्र में मृतिका सरूबाई बोहरपी भी रहने लगी थी, जिससे आरोपी का पहले से विवाद था। 21 अक्टूबर 2024 को आरोपी के घर में पारिवारिक कार्यक्रम आयोजित था। इसी दौरान आरोपी की मां ने सरूबाई को भोजन के लिए बुलाया, लेकिन वह विवाद करने लगी। बाद में आरोपी स्वयं उसे बुलाने गया, जहां दोनों के बीच कहासुनी बढ़ गई। विवाद के दौरान सरूबाई ने आरोपी का कॉलर पकड़ लिया, जिससे गुस्से में आकर आरोपी ने उसे जोर से धक्का दे दिया। धक्का लगने से उसका सिर दीवार से टकराया और वह बेहोश होकर गिर गई। इसके बाद आरोपी ने रस्सी से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। हत्या छिपाने के लिए आरोपी ने अपने सहयोगी अविनाश गाठे को बुलाया। दोनों ने शव को काले कपड़े में लपेटकर मोटरसाइकिल से जंगल में ठिकाने लगाने का प्रयास किया। रास्ते में वाहन की रोशनी देखकर अविनाश डर गया और भाग निकला, जिससे शव सडक़ पर गिर गया। इसके बाद आरोपी ने शव को रस्सी से बांधकर घसीटने की कोशिश की, लेकिन सामने से वाहन आते देख वह शव को नवोदय विद्यालय रोड किनारे छोडक़र फरार हो गया।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

*इस कार्रवाई में एसडीओपी एस.के. सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र सिंह परिहार, निरीक्षक आबिद अंसारी (सीन ऑफ क्राइम एक्सपर्ट) सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।*

## मंत्री इंदर सिंह परमार ने किया जिला आयुष विंग का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग मंत्री इन्दर सिंह परमार ने बुधवार को जिला चिकित्सालय स्थित जिला आयुष विंग का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पंचकर्म, शिरोधारा सहित विभिन्न आयुष चिकित्सा पद्धतियों का अवलोकन किया।

मंत्री श्री परमार ने सिकल सेल यूनिट के साथ आयुर्वेद एवं होम्योपैथी दवाओं के वितरण व्यवस्था की भी समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को दवाओं का वितरण सुचारू रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयुष औषधियों का पर्याप्त स्टॉक बनाए रखा जाए तथा आवश्यकता अनुसार समय पर मांग प्रस्तावित की जाए। निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री परमार ने आयुष विंग में साफ-सफाई एवं सुव्यवस्थित संचालन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में आयुष चिकित्सा पद्धतियों को दृढ़ता से स्थापित करते हुए उनका प्रभावी एवं सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख, घोड़ाडोंगरी विधायक गंगाबाई उईके तथा जिला आयुष अधिकारी योगेश चौकीकर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## परीक्षा समय पर तनाव प्रबंधन के विषय पर मनोबल सत्र का आयोजन

**बैतूल।** भीमराव रामराव अंबेडकर शिक्षा महाविद्यालय बैतूल में उच्च शिक्षा विभाग म.प्र. के तत्वावधान में महाविद्यालय के विद्यार्थियो के लिए परीक्षा पर तनाव प्रबंधन के विभिन्न पहलुओ पर आधारित मनोबल सत्र का आयोजन किया गया। इस आनलाईन सत्रो में तनाव को कैसे कम करे, तनाव से अपने लक्ष्य प्राप्ति कैसे करें, जीवन में तालमेल बनाकर सफलता अर्जित की जा सकती है। इसके लिए प्रमुख वक्ता तन्मय जोशी सहायक प्राध्यापक एम्स, मनोज कुमार शर्मा आईपीएस महानिरीक्षक. रीतु नंदा (मनोवैज्ञानिक) एवं श्रीसत्यसाई सेवा संगठन मध्यप्रदेश द्वारा मेडिटेशन सत्र का आयोजन किया गया।

## आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर

पुलिस ने आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने वाले आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। 18 मार्च को पुलिस ने धारा 194 बीएनएसएस की डायरी प्राप्त होने पर मर्ग जांच प्रारंभ की। जांच के दौरान मृतक देवेश वर्मा उर्फ गौतम पिता नर्मदाप्रसाद वर्मा (22) निवासी ग्राम सोहागपुर ढाना थाना शाहपुर के पिता से पूछताछ की गई।

उनके कथन अनुसार ग्राम के ही साहिल वर्मा एवं उसके साथी हिमांशु वर्मा, सिद्धार्थ रजने तथा निशांत उर्फ अन्नू सिनोटिया द्वारा पिछले लगभग 3 माह से मृतक को एक लडक़ी से बातचीत करने की बात को लेकर लगातार शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। 12 मार्च को ग्राम जामपानी में आयोजित एक बारात के दौरान भी उक्त आरोपियों द्वारा मृतक के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट कर उसे अपमानित एवं प्रताड़ित किया गया। घटना से आहत होकर मृतक देवेश वर्मा ने घर लौटकर अपने ऊपर डीजल डालकर आग लगा ली। परिजनों ने तत्काल उपचार के लिए शाहपुर अस्पताल, तत्पश्चात जिला चिकित्सालय बैतूल एवं बाद में हमीदिया अस्पताल भोपाल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान 16 मार्च को उसकी मृत्यु हो गई। मर्ग जांच के आधार पर पाया गया कि आरोपियों द्वारा की गई लगातार शारीरिक एवं मानसिक प्रताडऩा के कारण मृतक ने आत्महत्या की । इस पर आरोपियों के विरुद्ध धारा 108 बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी साहिल वर्मा पिता पवन वर्मा, उम्र 20 वर्ष, निवासी सोहागपुर ढाना थाना शाहपुर, हिमांशु वर्मा पिता परशुराम वर्मा, उम्र 20 वर्ष, निवासी ग्राम कुही थाना रानीपुर, निशांत उर्फ अन्नू सिनोटिया पिता निधिश सिनोटिया, उम्र 24 वर्ष, निवासी सोहागपुर ढाना थाना शाहपुर को गिरफ्तार कर लिया है, वहीं एक अन्य आरोपी सिद्धार्थ की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी है। तीनों आरोपियों को 18 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। बता दे कि इस मामले को लेकर मंगलवार शाम आक्रोशित परिजनों ने पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाते हुए शव रखकर शाहपुर थाने का घेराव कर दिया है। परिजन दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग पर अड़े हुए थे। जिसके बाद एएसपी ने दोषी पाए जाने पर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कही थी।

### पार्षद ने जनसुनवाई में मुख्यमंत्री के नाम दिया पत्र

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन बढ़ाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला

शहर के वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद राकेश शर्मा ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन बढ़ाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को सौंपा। आज मंगलवार को जनसुनवाई में अनुविभागीय अधिकारी शैलेंद्र बडोनिया को मुख्यमंत्री के नाम दिए पत्र में पार्षद ने लिखा है कि प्रदेश के लगभग 56 लाख से ज्यादा सामाजिक सुरक्षा के अंतर्गत पेंशन लेने वाले तमाम बुजुर्ग विधवा, परित्यक्ता, दिव्यांग आदि सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की पेंशन वर्तमान में 6 सौ प्रतिमाह है, जो बेहद कम है।




वर्तमान हालात को देखते हुए इतनी कम राशि में ऐसे असहाय लोगों का गुजर बसर करना बेहद मुश्किल है। श्री शर्मा ने कहा है कि हम सरकार से गुजारिश करते हैं कि तत्काल ही सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की पेंशन प्रतिमाह 2 हजार रुपए जाए। इस मौके पर सोनम, उर्मिला, सुलोचना, देवकी, पार्वती, कुंदन लाल, मनोहर लाल, सुनील कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## पेट्रोल पंप में पेट्रोल की हेराफेरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

पुलिस पेट्रोल पंप में टैंकर से पेट्रोल निकालकर बड़े हेराफेरी करने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। दरअसल पुलिस पेट्रोल पंप बैतूल में कार्यरत फरियादी प्रधान आरक्षक सुखलाल उइके पिता मोहन उइके (45) निवासी रक्षित केन्द्र बैतूल ने थाना गंज में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि इंडियन ऑयल डिपो इटारसी से टैंकर क्रमांक एमपी 13 एच 1032 में पेट्रोल एवं डीजल लेकर आने वाले चालक रामपाल पंद्राम एवं परिचालक राकेश पन्द्राम द्वारा इंडियन ऑयल के पुलिस पेट्रोल पंप के टैंक में पूरा पेट्रोल न डालते हुए 2560 लीटर पेट्रोल टैंकर में ही वाल्व बंद कर वापस रख लिया गया तथा अपने घर ले जाकर उसका आपराधिक न्यास भंग किया गया। रिपोर्ट पर थाना गंज में धारा 316(3) भारतीय न्याय संहिता के




तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि टैंकर चालक रामपाल पंद्राम एवं परिचालक राकेश पन्द्राम अपने-अपने निवास ग्राम धार में मौजूद हैं। पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर दोनों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने पेट्रोल को ग्राम खाखरापुरा (थाना केसला, जिला नर्मदापुरम) निवासी कमलेश बेलवंशी एवं पप्पू उर्फ विजय उइके को बेचने के उद्देश्य से महिन्द्रा पिकअप क्रमांक एमपी 05 जी- 7317 में रखी 08 प्लास्टिक टंकियों (प्रत्येक लगभग 250लीटर क्षमता) में मोटर एवं पाइप की सहायता से खाली किया। पुलिस टीम ने ग्राम खाखरापुरा पहुंचकर कमलेश बेलवंशी एवं पप्पू उर्फ विजय उइके को अभिरक्षा में लिया गया तथा बताए गए स्थान से एक पिकअप वाहन एमपी 05 जी 7317 एवं 08 प्लास्टिक टंकियों में भरा हुआ कुल 2005 लीटर पेट्रोल बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 1,50,000 रुपये है।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का नियमित आयोजन, बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और नागरिक रहे शामिल

## ताप्ती तट पर गूंजा सुंदरकांड पाठ, सुखदेव पांसे की मौजूदगी में हुई खुशहाली की कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मुलताई द्वारा प्रत्येक मंगलवार रात्रि नगर में आयोजित किए जा रहे सुंदरकांड पाठ के क्रम में मंगलवार को ताप्ती तट स्थित प्राचीन गणेश मंदिर में भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं म.प्र. कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष (संगठन) सुखदेव पांसे विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं नगर के नागरिकों ने एकजुट होकर सुंदरकांड पाठ किया और क्षेत्र की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। उल्लेखनीय है कि पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे द्वारा मुलताई विधानसभा क्षेत्र में संगठनात्मक स्तर पर लगातार बड़े बदलाव किए जा रहे हैं। इसी क्रम में हाल ही में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का पुनर्गठन किया गया



है। अरुण यादव को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने के बाद से क्षेत्र में कांग्रेस की सक्रियता लगातार बढ़ती नजर आ रही है। कार्यकर्ताओं में नए उत्साह का संचार हुआ है और संगठन को मजबूती देने के प्रयास तेज हो गए हैं। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अरुण यादव, संजय यादव पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष किशोर सिंह, सुमित शिवहरे, लोकेश यादव, आशीष जैन, महेश नायक, प्रहलाद ठाकुर मनोज साबले, जीवन डोंगरदिये, पिंटू ठाकरे, यशवंत बोडखे, विनोद बेले, गणेश प्रसाद वर्मा, दिनेश कवडक़र, कपिल खंडेलवाल, पंकज यादव, राजेश साहू, भूवन साहू, रितेश शर्मा, चिंटू राउत, पवन कोड़ले, महावीर पवार, जगदीश बोडख़े, कृष्णा यादव, गुड्डू पवार, राहुल उइके, गोलू पंवार, सुखदेव नरवरे, देवेंद्र शर्मा सहित सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं नागरिक मौजूद रहे।

### 30 मार्च तक का रखा गया है लक्ष्य, रोजाना 6 घंटे काम कर रहे हैं शिक्षक

# बैतूल में 98 हजार से ज्यादा कॉपियों का मूल्यांकन पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शहर के एक्सीलेंस स्कूल में माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य जारी है। 17 मार्च तक 98,857 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा हो चुका है और 30 मार्च के लक्ष्य को पूरा करने के लिए शिक्षक प्रतिदिन 6 घंटे कॉपियां जांच रहे हैं। मूल्यांकन केंद्र पर डिकोडिंग प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही कॉपियां जांचने के लिए मूल्यांकनकर्ताओं को दी जा रही हैं। मूल्यांकन कार्य में लगे प्रत्येक परीक्षक को प्रतिदिन 45 से 60 कॉपियां जांचने का लक्ष्य दिया गया है। प

रति कॉपी जांचने के लिए 15 से 16 रुपये का मानदेय मिलता है और यह कार्य प्रतिदिन लगभग 6 घंटे तक किया जा रहा है। वैल्यूएशन प्रभारी एवं एक्सीलेन्स स्कूल के प्राचार्य सत्येंद्र उदयपुरे ने बताया कि कक्षा 12वीं की 82583 कॉपियां उत्कृष्ट स्कूल पहुंची है। इन कापियों का मूल्यांकन 125 परीक्षकों द्वारा किया जा रहा है। जिनके द्वारा 17 मार्च तक 82583 कापियां जांची एवं 29199 कापियों का मूल्यांकन होना शेष है। इसी तरह हाईस्कूल कक्षा 10 वीं की कुल 64913 कॉपियां प्राप्त हुई थी, जिसमें से 45,473 कॉपियों की जांच पूर्ण हो चुकी है। शेष कॉपियों का मूल्यांकन होना शेष है। उल्लेखनीय है कि हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी की कुल 1,25,176 कॉपिया प्राप्त हुई है, जिसमें से 17 मार्च तक कुल 98857 कॉपियों की जांच पूर्ण हो चुकी है, वहीं 48,639 कॉपियों का मूल्यांकन होना शेष है।

### मूल्यांकन कार्य में लगे 216 विषयक परीक्षक

हाईस्कूल कक्षा 10वीं और हायर सेकेंडरी 12वीं की बोर्ड परीक्षा की कॉपियों के मुल्यांकन के लिए 17 मार्च को करीब 2156 विषयक परीक्षक लगे थे। इसमें हाईस्कूल की कॉपियों के मूल्यांकन के लिए 134 और हायर सेकेंडरी के मूल्यांकन कार्य में 82 परीक्षक लगे हुए है। जिनके द्वारा प्रतिदिन 5 से 6 घंटे मूल्यांकन का कार्य किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि विषय परीक्षकों को प्रति कॉपी जांचने के लिए उन्हें 15 से 16 रुपये का मानदेय मिलता है। वहीं परीक्षकों को 30 मार्च तक प्राप्त सभी विषयों की कॉपियों की जांच करने का लक्ष्य दिया गया है।



### कई विषयों का मूल्यांकन कार्य पूर्ण

सत्येन्द्र उदयपुरे सर ने बताया कि हायर सेकेंडरी और हाईस्कूल की कुल 1,25,176 कॉपियां जांचने के लिए प्राप्त हुई थी। हायर सेकेंडरी की प्राप्त विषयों की कॉपियों में अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, भौति शास्त्र, पशुपालन, संस्कृत, इतिहास, रसायन शास्त्र, कृषि विज्ञान, ब्यूटी वेलनेस और अपेरल विषय की कापियों की जांच पूर्ण हो चुकी है। शेष व्या. अध्ययन, गणित, जीव विज्ञान, बुक कीपिंग, रिटेल, हेल्थ केयर, आईटी, इलेक्ट्रॉनिक हा., हिन्दी, भूगोल, राजनीति शास्त्र, समाज शास्त्र, फसल उत्पादन विषय की कॉपियों की जांच चल रही है। इसी तरह हाई स्कूल की अंग्रेजी, आईटी, ब्यूटी वेलनेस, यूपीएस होम फ, प्लंबिंग विषय की कॉपी जांची जा चकी है। इन कॉपियों का मूल्यांकन 16 मार्च और उससे पहले हो चुका है। शेष एग्रीकल्चर, गणित, संस्कृत विषय की कॉपी का मूल्यांकन कार्य जारी है।

### 14 या 15 अप्रैल तक आ सकता है रिजल्ट

हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल की बोर्ड परीक्षाओं के मूल्यांकन का कार्य तेजी से चल रहा है। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि बोर्ड परीक्षाओं का रिजल्ट (परीक्षा परिणाम) 14 या 15 अप्रैल तक आ सकता है। क्योंकि 30 मार्च तक परीक्षकों को कॉपियों का मूल्यांकन करने का लक्ष्य दिया गया है। यदि परीक्षा परिणाम 14 या 15 अप्रैल तक घोषित कर दिए जाते हैं, तो विद्यार्थियों को काफी राहत मिलेगी। इससे अनुत्तीर्ण, पूरक या श्रेणी सुधार की परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को तैयारी के लिए लगभग 20 दिन का समय मिल सकेगा। केंद्र पर निर्धारित 30 मार्च की समय सीमा में मूल्यांकन कार्य पूरा करने के लिए शिक्षक लगातार जुटे हुए हैं।

### कार्य जारी है


बोर्ड परीक्षाओं के मूल्यांकन का कार्य जारी है। 17 मार्च तक कुल 98857 कॉपियों का मूल्यांकन कार्य हो चुका है। शेष 48639 कॉपियों का मूल्यांकन अभी जारी है। उम्मीद है कि समय सीमा के पूर्व ही इन कॉपियों का मूल्यांकन कार्य भी पूर्ण हो जायेगा।

\- **सत्येन्द्र उदयपुरे**, वैल्यूएशन प्रभारी एवं प्राचार्य एक्सीलेंस स्कूल बैतूल

### प्लेटफार्म की ऊंचाई बढ़ाने एवं डिस्प्ले बोर्ड लगाने का प्रस्ताव लंबित, सांसद का दावा-जल्द मिलेगी खुशखबर

# सोहागपुर रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म क्रमांक दो बहुत नीचा, गिर जाते रेलयात्री

**सोहागपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो की नीची ऊंचाई यात्रियों के लिए मुश्किलें बढ़ाती जा रही है। मंगलवार रात करीब 8:40 बजे श्रीधाम एक्सप्रेस के आगमन के दौरान प्लेटफार्म पर अंधेरा छाया रहा।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म क्रमांक दो काफी नीचा बना है। जिसके कारण यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने-उतरने में बहुत परेशानी होती है। उल्लेखनीय है कि वर्षों से क्षेत्रवासी प्लेटफार्म की ऊंचाई बढ़ाने तथा अन्य रेल सुविधाओं में बढ़त के प्रतीक्षा कर रहे हैं। मामले में हरिभूमि संवाददाता ने गत रात देखा कि श्रीधाम एक्सप्रेस लगभग 8:40 बजे सोहागपुर पहुंची। इस दौरान प्लेटफार्म पर अंधेरा छाया हुआ था। यात्री दौड़कर अपनी अपनी बोगी तक पहुंचे। लेकिन प्लेटफार्म काफी नीचा होने के कारण यात्रियों को जहां ट्रेन में चढ़ने में सुविधा हुई, वहीं उतरने वाले यात्री भी बहुत परेशान हुए। इस दौरान मौके पर उपस्थित यात्रियों ने बताया कि सर्वाधिक परेशानी बुजुर्ग व बीमार यात्रियों को होती है। जिन्हें ट्रेन में चढ़ाना और ट्रेन से उतारना बड़ी मुश्किल भरा काम हो जाता है। यात्रियों सहित क्षेत्रवासियों ने सांसद एवं विधायक से अपेक्षा की है कि सबसे पहले उक्त समस्याओं का निराकरण कराया जाए।

#### डिस्प्ले बोर्ड नहीं है

नागरिकों एवं यात्रियों ने बताया कि सोहागपुर रेलवे स्टेशन के दोनों प्लेटफार्म पर डिस्प्ले बोर्ड भी नहीं लगे हैं। जिसके कारण आरक्षित टिकट लेने वाले यात्रियों को अपनी आरक्षित बोगी तक पहुंचने के लिए कई बार बहुत परेशान होता है। रोजाना ही यात्रियों को निर्धारित आरक्षित बोगी तक पहुंचने के लिए दौड़ भी लगानी पड़ती है। इस दौरान बुजुर्ग व बीमार यात्री बहुत अधिक परेशान होते हैं। उल्लेखनीय है कि सोहागपुर व्यापारी संघ, नागरिक संघर्ष समिति सोहागपुर एवं सोहागपुर जनकल्याण समिति सहित अन्य संगठन लगातार प्लेटफार्म की ऊंचाई बढ़ाने, दोनों प्लेटफार्म पर डिस्प्ले बोर्ड लगाने व रेल स्टॉपेज बढ़ाने के ज्ञापन तथा आवेदन जनप्रतिनिधियों और रेलवे के अधिकारियों को दे चुके हैं। लेकिन अब तक सुनवाई नहीं हो पा रही है।

#### अमृत भारत योजना का मिले लाभ

सोहागपुर क्षेत्र के नागरिकों के अनुसार नर्मदापुरम-नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र में कई रेलवे स्टेशन अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना में शामिल किये गए हैं। लेकिन सोहागपुर इस योजना के लाभ से वंचित है। जबकि सोहागपुर द्वापर युगीन ऐतिहासिक नगरी मानी जाती है। इसके आसपास पुरातत्व महत्व की सामग्री बिखरी पड़ी है। यहां म्यूजियम स्थापित किया जा सकता है। अमृत भारत स्टेशन का लाभ मिलने पर पुरातत्व प्रेमी व विशेषज्ञ सोहागपुर में भ्रमण पर आएंगे। वहीं विश्व प्रसिद्ध सतपुड़ा टाइगर रिजर्व का मढ़ई प्रवेश द्वार सोहागपुर से लगभग 20 किलोमीटर दूर स्थित है। अतः अमृत भारत स्टेशन योजना में क्षेत्र को ट्रेनों के स्टॉपेज मिलेंगे व स्टेशन का विस्तार होगा। तब रेल सुविधा बढ़त से सोहागपुर से रेलवे को आर्थिक लाभ होगा। अतः नागरिकों ने संसद दर्शन सिंह चौधरी से अपेक्षा की है कि सोहागपुर को अमृत रेलवे स्टेशन योजना में सम्मिलित कराएं।

#### खुशखबर जल्द मिलेगी

प्लेटफार्म की ऊंचाई बढ़ाने, डिस्प्ले बोर्ड लगाने व अन्य सुविधाओं के प्रस्ताव लंबित हैं। मैंने रेल मंत्री से उक्त मांगों के समर्थन में भेंट भी की है। जल्द ही सोहागपुर को जिले में सबसे पहले खुशखबर मिलने वाली है।

**दर्शन सिंह चौधरी,** लोकसभा सांसद
नर्मदापुरम नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र

## लिव इन में रह रही महिला की दो सगे भाइयों ने हत्या की

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



भेरूंदा के एक नाले में महिला का शव मिलने की सूचना स्थानीय पुलिस को मिली थी, जब उसकी कड़ी जोड़ी गई तब माखन नगर थाना अंतर्गत ग्राम आरी पुलिस पहुंची और दो सगे भाइयों नितेश और सचिन यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की। ऐसा बताया जा रहा है कि दोनों भाइयों ने ग्राम आरी में हत्या कर शव 80 किलोमीटर दूर भेरूंदा में नदी फेंक दिया। आरोपी ने अपने भाई के साथ 25 फरवरी को असम की रहने वाली रजिना अली जो तेलंगाना में नितेश के साथ कंपनी में काम करती थी और लिवइन में रह रहे थे।

जब वह ग्राम आरी आई तब दोनों भाइयों ने रजीना की हत्या कर रात, में जब गाँव में सन्नाटा पसरा था, शव भेरूंदा में जाकर नदी में फेंक दिया भेरूंदा पुलिस को ग्रामीणों की सूचना मिली कि किसी अज्ञात महिला का शव मिला है। मौके पर पहुंची पुलिस ने यह जानकर भी सकते में आ गई कि मृतक असम की रहने वाली महिला थी, जो शादी करना चाहती थी, लेकिन उसके लिव-इन पार्टनर ने उसकी जान ले ली। जानकारी के अनुसार, माखन नगर निवासी आरोपी ने महिला का गला दबाकर हत्या कर दी, और इस जघन्य कृत्य में उसके भाई ने भी उसका साथ दिया। डर के मारे और पुलिस से बचने की कोशिश में आरोपियों ने शव को करीब 80 किलोमीटर दूर एक नदी में फेंककर ठिकाने लगाने की योजना बनाई।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका रजीना अली 10 फरवरी को ग्राम आरी आई थी जहां आरोपी की सगाई होना था हंगामा के बाद दोनों में समझौता हुआ उसके बाद 25 फरवरी को उसकी हत्या कर दी पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है और दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी अनूप उइके ने बताया विवेचना जारी है गुरुवार को वरिष्ठ अधिकारी इस मामले का खुलासा करेंगे।

## यकायक तीखी गर्मी ने बढ़ाई अस्पताल में मरीजों की भीड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

क्षेत्र में दोपहर में तीखी गर्मी का मौसम शुरू हो गया है। जिससे सरकारी अस्पताल में मरीजों की संख्या में वृद्धि होने लगी है। बीएमओ डॉ. रेखा सिंह गौर ने बताया कि सुबह एवं शाम को मौसम हालांकि ठीक ही रहता है। लेकिन दिन में तीखी गर्मी के कारण सिर दर्द, मितली, उल्टी, चक्कर आना, दस्त परेशानियों से ग्रस्त मरीज इन दिनों अस्पताल में बड़ी संख्या में आ रहे हैं। डॉ. गौर ने नागरिकों को सलाह दी है कि गर्मी के मौसम में ढीले तथा हल्के रंगों के कपड़े पहनें, गरिष्ठ भोजन ना करें, पर्याप्त मात्रा में पानी पियें तथा स्वास्थ्य की परेशानी होने पर अस्पताल में दिखाएं।

## आयुध निर्माणी दिवस, मनाया गौरवशाली इतिहास और शहीदों को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के अधीन देश की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली आयुध निर्माणियों का इतिहास आज भी गर्व और शौर्य की गाथा सुनाता है। इसी कड़ी में आज 18 मार्च 2026 को आयुध निर्माणी इटारसी में आयुध निर्माणी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

#### शहीदों को श्रद्धांजलि दी

इस विशेष अवसर पर आयुध निर्माणी की प्रमुख यूनियनों बीएमएस यूनियन और एम्प्लॉइज यूनियन ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम आयोजित किए। यूनियन पदाधिकारियों ने कारखाने के प्रवेश द्वार पर कर्मचारियों को शुभकामना बैच पहनाकर इस गौरवशाली दिन की बधाई दी। साथ ही, राष्ट्र सेवा के दौरान अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए शहीद हुए कर्मचारियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि भारतीय आयुध निर्माणियों का 221 वर्षों का एक एकीकृत संगठन के रूप में स्वर्णिम इतिहास रहा है। देश के



सैनिकों ने इन्हीं कारखानों में निर्मित हथियारों और उपकरणों के दम पर कई युद्धों में विजय प्राप्त की है। हालांकि, 1 अक्टूबर 2021 को हुए निगमीकरण के बाद इस दिवस की औपचारिकताओं में कमी आई है, लेकिन कर्मचारियों के बीच आज भी इस दिन का महत्व कम नहीं हुआ है। इस अवसर पर बीएमएस यूनियन की ओर से कुलदीप चौधरी, कृष्ण शर्मा, राजेश रोशन, योगेश पटेल, सतेन्द्र शाक्या, दीपेश यादव, हमीर सिंह, जोधराज पारेता, आल्हा वर्मा और दिनेश यादव, एम्प्लॉइज यूनियन की ओर से रामकुमार चौधरी, माखन कहार, भागीरथ प्रसाद, जागेश कुमार, सतपाल मीणा, भारत कुमार, दिलीप पारेता, रामराज मीणा, प्रशांत गंदेवर, शिव कुमार वर्मा, ब्रजमोहन मीणा सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद थे।

## एडीपीओ पदों की संख्या बढ़वाने अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

गत दिवस सोहागपुर अधिवक्ता संघ के सदस्यों द्वारा मप्र के मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन एसडीएम सोहागपुर को सौंपा गया। जिसमें एडीपीओ पद संख्या बढ़ाने की मांग की गई है।

युवा अधिवक्ता देवांशू शर्मा के अनुसार ज्ञापन में उल्लेख है कि मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक जिला अभियोजन अधिकारी अर्थात एडीपीओ के पदों की पूर्ति के लिये जारी किये गए नोटिफिकेशन में मात्र 17 पदों की भर्ती निकाली गई है। जबकि एडीपीओ के पदों के लिये 610 रिक्तियां हैं।

अतः ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि पद रिक्ति के भराव संबंधी विज्ञापन में संशोधन कर




पद संख्या में वृद्धि की जाए। ताकि जो भी युवा अधिवक्ता एवं विधि के विद्यार्थी वर्षों से मेहनत कर रहे हैं, उनके साथ अन्याय ना हो तथा उन्हें चयन के लिये पर्याप्त अवसर प्राप्त हो। इस दौरान अधिवक्ता संघ सोहागपुर के पूर्व अध्यक्ष बीके शर्मा, अध्यक्ष एस खान, संघ सचिव संजय तिवारी, प्रेमनारायण दुबे, पोहप सिंह रघुवंशी, सतीश नामदेव, बलराम पटेल, वर्षा पालीवाल, मदन पाल, अखिलेश मालवीय, राजू सनकत, प्रदीप शर्मा, ललित कहार, मुनीश दीक्षित, मुकेश अहिरवार, फूलचंद्र साहू, शिवकुमार पटेल, अमरसिंह पटेल, प्रतीक तिवारी, जयभानु सिंह चंदेल, देवांशू शर्मा, विवेक साहू, नौशीन खान, अल्ताफ खान आदि उपस्थित थे।

## विद्यार्थी परिषद ने 180 लड़कियों को निशुल्क दिखाई केरला स्टोरी 2

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) इटारसी इकाई द्वारा नगर में वैचारिक शंखनाद और मातृशक्ति के सशक्तीकरण हेतु एक अत्यंत महत्वपूर्ण और साहसिक कदम उठाया गया। समाज में चल रहे सुनियोजित षडयंत्रों का पर्दाफाश करने और युवा शक्ति को जागरूक करने के उद्देश्य से, अभाविप द्वारा स्थानीय गोल्डमार्क सिनेमा में इटारसी की 180 छात्राओं को 'द केरला स्टोरी 2' फिल्म का पूर्णतः निशुल्क प्रदर्शन कराया गया। इस अवसर पर अभाविप के प्रदेश कार्य समिति सदस्य कुणाल सराठे ने कड़े और उग्र तेवर अपनाते हुए असामाजिक तत्वों को खुली चेतावनी दी। उन्होंने अपने आक्रामक बयान में हुंकार भरते हुए स्पष्ट कहा, हम उस पुण्य भूमि भारत और महान हिंदू सनातन संस्कृति के वाहक हैं जहां साक्षात शक्ति के रूप मे मां जगदम्बा की उपासना होती हैं और कन्या को देवी रूप मानकर उनका चरण पूजन किया जाता हैं, इसी देवी स्वरूपा हमारी हिंदू बहन बेटियों को जो भी जिहादी मानसिकता वाले लोग बरगलाने,




उनका ब्रेनवॉश करने और उनके जीवन से खेलने का दुस्साहस कर रहे हैं, विद्यार्थी परिषद उन्हें ईंट का जवाब पत्थर से देना भली-भांति जानती है। 'द केरला स्टोरी 2' केवल एक सिनेमा नहीं है, बल्कि 'लव जिहाद' और धर्मांतरण का गंदा खेल खेलने वाले उन सभी षड्यंत्रकारियों के मुंह पर एक करारा तमाचा है। हम अपनी मातृशक्ति को वैचारिक रूप से इतना प्रखर और सशक्त बना देंगे कि कोई भी विधर्मी उनकी तरफ आंख उठाकर देखने का दुस्साहस नहीं कर पाएगा।

### 546 किशोरी बालिकाओं को लगी वैक्सीन

**नर्मदापुरम।** जिले में सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु संचालित एचपीवी टीकाकरण अभियान को सकारात्मक परिणाम मिल रहे है। अभियान के अंतर्गत एक दिन में 546 किशोरी बालिकाओं ने एचपीवी टीका लगवाया, वहीं अब तक कुल 2187 बालिकाएं टीकाकरण से लाभान्वित हो चुकी हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरसिंह गेहलोत ने बताया कि 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरी बालिकाओं को एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) का टीका निशुल्क लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाले कैंसरों में दूसरा प्रमुख कैंसर है, जिसका मुख्य कारण एचपीवी वायरस है। इस बीमारी से बचाव के लिए समय पर टीकाकरण अत्यंत प्रभावी उपाय है। जिले में यह टीकाकरण सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में अवकाश के दिनों को छोड़कर प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से किया जा रहा है।

## राज्य स्तरीय एनएसएस शिविर से स्वयंसेवक लौटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय, नर्मदापुरम में राज्य स्तरीय एनएसएस शिविर चित्रकूट, जिला सतना, 8-14 मार्च 2026 से लौटे सलोनी दुबे और सुलोचना अहाके का उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया।

प्राचार्य डॉ. कामिनी जैन ने स्वयंसेवकों को नेतृत्व विकास और राष्ट्रनिर्माण में सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया। स्वयंसेवकों ने राज्य स्तर पर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। डॉ. हर्षा चाचाने और पूजा गोस्वामी ने बधाई दी। स्वयंसेवकों ने अपने अनुभव साझा किए और महाविद्यालय के अन्य छात्रों ने करतल ध्वनि से उनका अभिनंदन किया। इस दौरान



उन्होंने स्वयंसेवकों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवं नेतृत्व विकास और राष्ट्रनिर्माण में निरंतर सक्रिय रहने हेतु प्रेरित किया। महाविद्यालय परिवार द्वारा दोनों स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की गई।

## बाइक गिरते ही चोर फरार, पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

सड़क हादसे के बाद सड़क पर गिरी मोटरसाइकिल को उठाकर ले जाने वाले शातिर चोर को इटारसी पुलिस ने धरदबोचा है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई कीमती बाइक बरामद कर ली है।

घटना 8 मार्च की है। मालवीय गंज निवासी विनोद कुमार रैकवार जब सब्जी बाजार जा रहे थे, तब सड़क पर उनकी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 05 जेडजे 9016 एक बोर्ड से टकराकर गिर गई। हादसे के बाद वे संभल पाते, इससे पहले ही मौके का फायदा उठाकर कोई अज्ञात व्यक्ति उनकी बाइक लेकर रफूचक्कर हो गया। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया था। थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल और आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिससे संदिग्ध चोर का फोटो प्राप्त हुआ।




फोटो के आधार पर मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। 17 मार्च को सटीक मुखबिर सूचना पर पुलिस ने मेहरा गांव नदी के पास घेराबंदी की। वहां हुलिए के आधार पर पंकज कटारे 28 वर्ष, निवासी इंद्रपुरा पुरानी इटारसी को पकड़कर सख्ती से पूछताछ की गई। आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने हादसे के बाद सड़क पर गिरी मोटरसाइकिल चोरी की थी। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर 30 हजार रुपये की कीमती बाइक बरामद कर ली है।

## सफाई कर्मचारी हड़ताल कचरा नहीं उठाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया नगर पालिका परिषद के स्थाई और अस्थाई सफाई कर्मचारी, महिलाएं भी शामिल, चार सूत्रीय मांगों को लेकर अचानक हड़ताल पर चले गए। उनका कहना है कि 2023 से ई-पीएफ कट रहा है, लेकिन जमा नहीं हुआ। आधार आधारित उपस्थिति हटाई जाए और अवकाश कर्मचारियों के लिए सुनिश्चित किए जाएँ। 10 और 20 वर्षों के कर्मचारियों को महंगाई भत्ता व एरियर्स का भुगतान अभी तक नहीं हुआ। मुख्य नगरपालिका अधिकारी आर.पी. नायक ने समय मांगा है। यदि एक सप्ताह में मांगें नहीं मानी गईं, तो हड़ताल जारी रहेगी। शहर में सफाई प्रभावित, परिषद बैठक में समाधान के प्रयास। राज पत्रके अनुसार जिन कर्मचारियों के 10 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। उन्हें भुगतान 1500तथा जिनके 20 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। उन्हें 2500रुपे का महंगाई भत्ता दिया जाएगा जो आज तक नहीं दिए गए हैं। नियमित विनियमित केलिए एरियर्स का भुगतान किया जावे ।एक सप्ताह में मांग नहीं मानी तो फिर सभी कर्मचारियों को हड़ताल पर जाना होगा। इस तरह से 4सुत्रीय मांग कर ज्ञापन सौंपा गया है। हड़ताल पर दिलीप कुमार, अमित कुमार, महेंद्र धौलपुरिया,पाले खानसहित सैकड़ों लोग हड़ताल पर बैठे हुए है। जिसके कारण आज शहर में झाड़ू भी नहीं लगाई गई ना ही कचरा उठाया गया ।इस पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी आर पी नायक ने बताया कि पैसा जमा कराए जाने के लिए समय की मांग की जा रही है।

### आज झूलेलाल की आरती बड़े गुरुद्वारे में होगी

## चार दिवसीय चैतीचांद महोत्सव जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर में श्री पूज्य सिंधी पंचायत एवं भारतीय सिंधु सभा शाखा सोहागपुर द्वारा चार दिवसीय चैती चांद महोत्सव मनाया जा रहा है। सिंधी समाज से प्राप्त जानकारी अनुसार भगवान श्री झूलेलाल के जन्मोत्सव पर 17 मार्च से प्रारंभ हुए आयोजन का समापन 20 मार्च को होगा।

जानकारी अनुसार आयोजन के प्रथम दिवस आनंद मेला एवं झूलेलाल की मूर्ति के आगमन तथा स्वागत का कार्यक्रम किया गया। 18 मार्च को झूलेलाल जी की पालकी तथा आरती का आयोजन किया गया।

आज 19 मार्च को सुबह 8:30 बजे से झूलेलाल जी की आरती बड़े गुरुद्वारे में होगी। इसके बाद सुबह नौ बजे से प्रसाद वितरण तथा स्वल्पाहार आयोजन किया जाएगा। वहीं 20 मार्च शुक्रवार को प्रातः करीब छह बजे से झूलेलाल जी की वाहन प्रभात फेरी डीजे एवं ढोल के साथ निकाली जाएगी। इसके बाद सुबह 10 बजे से



झूलेलाल जी की आरती, अरदास व प्रसाद वितरण कार्यक्रम होगा। दोपहर एक बजे से तीन बजे तक लंगर आयोजन किया जाएगा। शाम चार बजे के बाद झूलेलाल जी की शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। रात आठ बजे झूलेलाल जी की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा।

## न्यायालय परिसर में पहली बार अधिवक्ता प्रशिक्षण हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया




न्यायालय परिसर में पहली बार अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष धर्मेन्द्र नागवंशी सचिव वेद प्रकाश भार्गव एवं अन्य सभी पदाधिकारियों के कार्यकाल में पहली बार अधिवक्ता प्रशिक्षण महाअभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर मां सरस्वती पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि राजेश कुमार अग्रवाल प्रथम जिला न्यायाधीश मनीष कुमार पारीक न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अखिलेश चांडक न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी दिशा चांडक न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी धर्मेन्द्र नागवंशी अध्यक्ष अधिवक्ता संघ वेद प्रकाश भार्गव सचिव अधिवक्ता संघ अर्चना रघुवंशी द्वितीय जिला न्यायाधीश ने अधिवक्ताओं को सतत प्रशिक्षण एवं विधिक ज्ञान केअदतन रहने की आवश्यकता पर पर बल दिया गया। शालिनी मिश्रा शुक्ला न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने अधिवक्ताओं को न्यायिक प्रक्रिया की गुणवत्ता एवं दक्षता बढ़ाने पर जोर दिया। सभी अधिकारियों ने बताया कि निरंतर अध्यन एवं प्रशिक्षण को आवश्यक बताया गया।

## खबर संक्षेप

### सूर्य उपासना कार्यक्रम आज

**हरदा।** विक्रमोत्सव 2026 के तहत भारतीय नववर्ष विक्रम संवत 2083 के शुभारम्भ अवसर पर गुड़ी पड़वा 19 मार्च 2026 को ह्यह्यसूर्य उपासनाह्लह्ल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर जिला स्तरीय हसूर्य उपासना कार्यक्रम का आयोजन शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय हरदा में प्रातः 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में सभी विभाग प्रमुखों को अपने अधिनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों सहित प्रातः 9:30 बजे तक कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होने के निर्देश दिये गये हैं।

### आज से अजनाल नदी के तट पर श्रमदान से जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ होगा

**हरदा।** जल गंगा संवर्धन अभियान 19 मार्च गुड़ी पड़वा से शुरू होकर 30 जून तक चलेगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रदेश की नदियों, तालाबों, कुओं और अन्य प्राचीन जल संरचनाओं का संरक्षण व संवर्धन करना है। अभियान के तहत प्रदेश भर में नदियों के पुनर्जीवन, पुराने तालाबों की गाद निकालने और बावड़ियों की सफाई का कार्य प्राथमिकता पर किया जाएगा। इस दौरान जल स्रोतों के आसपास और नदी तटों पर सघन पौधरोपण किया जाएगा ताकि पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत किया जा सके। सीईओ अंजली जोसेफ जोनाथन ने बताया गया कि जल गंगा संवर्धन अभियान का जिला स्तरीय कार्यक्रम अजनाल नदी के तट पर प्रातः 8 बजे से आयोजित किया जाएगा। इस दौरान जनप्रतिनिधि,अधिकारी, कर्मचारी व नागरिक श्रमदान कर कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत जिला, विकासखंड, स्थानीय निकाय व ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया जाएगा।

### जनसुनवाई में हुई 38 आवेदनों पर सुनवाई



**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 38 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।

---

### राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन में 199.79 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण व 32.48 करोड़ के कार्यों का भूमि पूजन किया

# शहीद दीप सिंह चौहान सिंचाई उद्वहन परियोजना से टेल क्षेत्र के खेतों को मिलेगा पानी: डॉ मोहन यादव









हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिये कार्य कर रही है। किसानों के हित में सरकार सदैव तत्पर है एवं कृषि आय बढ़ाने के लिये विभिन्न योजनाएं एवं अनुदान व्यवस्था लागू की है, जिसके फलस्वरूप प्रदेश में कृषि विकास के क्षेत्र में नित नये आयाम स्थापित हो रहे हैं। प्रदेश देश का तेजी से रोजगार दिलाने वाला प्रदेश बन रहा है। किसानों को उन्नत कृषि यंत्रों के उपयोग की सुविधा उपलब्ध कराने के लिये कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित किये गये हैं।

सिंचाई के क्षेत्र में हरदा जिले को शतप्रतिशत सिंचित करने के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को हरदा में आयोजित राज्य स्तरीय कृषि आधारित कौशल विकास एवं कस्टम हायरिंग पर केन्द्रित राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होने 199.79 करोड़ रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण व 32.48 करोड़ रूपये के कार्यों का भूमि पूजन भी किया एवं विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री कमल पटेल के साथ जिले के प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग, विधायक आर.के. दोगने, जिपं अध्यक्ष गजेन्द्र शाह, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष भारती राजू कमेड़िया सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

### विधायक ने कहा, विरोध करने नहीं आया

कार्यक्रम में हरदा से कांग्रेस विधायक डॉ. आर.के. दोगने भी शामिल हुए, हालांकि वे विरोध प्रदर्शन में शामिल नहीं हुए। लेकिन उन्हें मंच से बोलने का अवसर नहीं दिया गया। इस दौरान उन्होंने प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग को आमंत्रित किए जाने के दौरान खड़े होकर मुख्यमंत्री के सामने अपनी बात रखी। विधायक ने किसानों के लिए गेहूं का समर्थन मूल्य 2700 रुपए प्रति क्विंटल करने, मोरण्ड-गंजाल सिंचाई परियोजना को जल्द मंजूरी देने और हरदा में कृषि महाविद्यालय खोलने की मांग की। उन्होंने कहा कि वे विरोध करने नहीं, बल्कि स्वागत करने आए हैं और जनप्रतिनिधि होने के नाते अपनी बात रखना उनका अधिकार है।

### 4 जिलों को दिया था लक्ष्य

जिला मुख्यालय पर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम मे भीड़ बढ़ाने के लिए हरदा सहित देवास, बैतूल, नर्मदापुरम जिले को लक्ष्य दिया गया था। प्रसशासनिक सूत्रों के अनुसार नर्मदपुरम से करीब 80 बस और डेढ़ सौ से ज्यादा कारें आई थी। इसी प्रकार बैतूल जिले 60 से ज्यादा बसें और 40 कारें , जबकि देवास से 30 बस और 10 कारों से लोगों को लाने की खबर है।

### प्रदर्शनी का किया अवलोकन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में कस्टम हायरिंग द्वारा लगाई गई कृषि आधारित आधुनिक उपकरणों की प्रदर्शनी देखी। इस दौरान उन्होने अधिकारियों से उपकरणों के संबंध में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने इस दौरान स्वचलित मल्टी टूल बार का संचालन किया। यह उपकरण सीमांत किसानों के लिये सबसे उपयुक्त होता है एवं बागवानी व इंटर कल्टीवेशन के लिये आदर्श है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने किसान कल्याण वर्ष में कृषि योजनाओं के प्रचार प्रसार व नरवाई प्रबन्धन के प्रति किसानों को जागरूक करने के लिये कृषि रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह ने किया।

### प्रमुख बातें

- ⏩ मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में मंच से पुष्पों की वर्षा कर उपस्थित किसानों व जनसमुदाय का अभिनन्दन किया।
- ⏩ कार्यक्रम में नरवाई प्रबन्धन के संबंध में शॉर्ट फिल्म का प्रदर्शन किया गया। : बीएससी कृषि के छात्र अनिकेत लोढ़वाल ने सुपर सीडर से नरवाई प्रबन्धन पर अपने अनुभव साझा किये।
- ⏩ सहकारिता विभाग में चयनित 75 नव नियुक्त सहकारी निरीक्षक व सहकारी विस्तार अधिकारियों को नियुक्त आदेश दिए
- ⏩ जिला कांग्रेस ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के हरदा आगमन का विरोध किया। इस दौरान पुलिस ने सांकेतिक गिरफ्तारी की।
- ⏩ गायक जय पुजारी और उनकी टीम ने देशभक्ति गीतों और गणगौर भजन सुनाए, इस दौरान बालकलाकर आर्यन नेमा ने भी शानदार प्रस्तुति दी।
- ⏩ लोगों को गर्मी से राहत देने के लिए कूलर और पानी के फव्वारे की व्यवस्था की गई।
- ⏩ हरदा जिले के साथ ही देवास, नर्मदपुरम, बैतूल के अलावा अन्य जिलों से भी लोगों को बुलाया गया।

### पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल ने स्वागत भाषण देते हुए जिले में शहीद दीप सिंह सिंचाई परियोजना की मांग की थी

सबसे पहले पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल ने स्वागत भाषण देते हुए जिले में हुए विकास कार्यों के बारे में बताते हुए जिले में शहीद दीप सिंह सिंचाई परियोजना की मांग की। उन्होंने इटावा इटारसी की तरफ से छिपानेर हरदा मार्ग को फोर लेन करने की मांग की। जिले में भाजपा शासन में हुए कामों का ब्योरा देता हुए कमल पटेल ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। कमल पटेल की मांग पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हरदा जिले में स्थापित शहीद दीप सिंह चौहान उद्वहन सिंचाई परियोजना से टेल क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिये पानी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले हरदा में आना कठिनाईयों भरा होता था, लेकिन अब हरदा में सड़कों का जाल बिछ गया है। उन्होने कहा कि आज हरदा को तीन सांदीपनि स्कूलों की सौगात भी मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश आज निरन्तर प्रगति की ओर अग्रसर है। वर्ष 2003 में लोगों को रात्रि में भी बिजली नहीं मिलती थी लेकिन आज गांव-गांव में चौबीस घंटे बिजली उपलब्ध हो रही है। इसी तरह गत बीस वर्षों में गेहूँ का समर्थन मूल्य भी बढ़ाया गया है। आगामी वर्षों में गेहूँ 2700 रूपये प्रति क्विंटल खरीदा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उड़द पर किसानों को 600 रूपये प्रति क्विंटल का बोनस दिया जाएगा। इसी तरह शासन ने गौशालाओं में गायों को रखरखाव के लिये 20 रूपये के अनुदान को बढ़ाकर 40 रूपये प्रति गाय कर दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि किसान गौशालाओं को भूसा उपलब्ध कराते है तो उन्हें भूसा बनाने की मशीन एवं अन्य साधनों की सहुलियत दी जाएगी। पशुपालन, दुग्ध उत्पादन, मत्स्य पालन करने वाले किसानों को बढ़ावा दिया जाएगा, इससे किसान समृद्ध होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरदा में निवास करने वाले लोग भाग्यशाली हैं क्योंकि हरदा जिला सिंचाई, बिजली और पानी में आत्मनिर्भर है। मुख्यमंत्री ने उपस्थित सभी लोगों का आह्वान किया कि वे नरवाई न जलाएं। उन्होने कहा कि नरवाई जलाने से खेत के पोषक तत्व, कीट पतंग, लोगों की फसल, घर नष्ट हो जाते है एवं भूमि की उर्वरा शक्ति कमजोर होती है। मुख्यमंत्री ने यशोदा योजना की जानकारी देते हुए बताया कि ये योजना सरकारी स्कूलों में लागू की जाएगी। इस योजना के तहत बच्चों के बेहतर सेहत के लिये उन्हें दूध दिया जाएगा। कार्यक्रम में जिले के प्रभारी एवं मध्यप्रदेश के खेल एवं सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव किसानों के हित में निरन्तर कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश को सशक्त प्रदेश बनाने का कार्य किया है। किसानों के हित में समर्थन मूल्य, बोनस एवं भावान्तर योजना के द्वारा किसानों को लाभान्वित किया है। उन्होने कहा कि आज राज्य लोक सेवा आयोग से चयनित 75 सहकारिता निरीक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है।

---

## वर्षा ऋतु के पूर्व तीन हाई लेवल ब्रिज की सौगात मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

प्रधान मंत्री सड़क योजना के अंतर्गत झिरन्या-बमनाला मार्ग पर निर्माणाधीन तीन हाई लेवल ब्रीज की वर्षा ऋतु के पूर्व सौगात मिलने वाली है। फलस्वरूप इस आदिवासी अंचल के ग्रामीणों को जिला मुख्यालय तक का आवागमन सुगम होगा और दूरी भी कम (59किमी) होने से समय की भी बचत होगी। इनका कार्य,मई,26 या इससे पूर्ण हो जावेगा। यह जानकारी,मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण खरगोन के महाप्रबंधक योगेश शर्मा ने दी है। इन कार्यों में आ रही दिक्कतों को हल करने में पूर्व कलेक्टरों सहित वर्तमान कलेक्टर भव्या मित्तल और विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों ने आवश्यक सहयोग दिया। फलस्वरूप वर्षा ऋतु में निर्बाध रूप से आवागमन शुरू हो सकेगा।

### सतत निरीक्षण किया जा रहा



महाप्रबंधक शर्मा के अनुसार झिरन्या-सतवाडा के मध्य रोशिया गांव समीप निर्माणाधीन पुल के पहुंच मार्ग का निर्माण ही शेष हैं और इसके बाद रेलिंग आदि के कार्य होंगे। इसकी लागत रु.317.97लाख और लम्बाई 80 मीटर है। इसका कार्य,एजिक्स इन्फ्रा प्रा.लि.स्वायर सिहोर कर रही है। जबकि सतवाडा सेल्दा से बमनाला मार्ग पर निर्माणाधीन पुल की लागत रु.404.02 लाख और लम्बाई 90 मीटर है। इसकी दो स्लैब का कार्य जारी है और इसके बाद पहुँच मार्ग सहित अन्य कार्य किये जावेंगे। इसका कार्य, मे. मुनीर एहमद पटेल सनावद द्वारा किया जा रहा है। वहीं,सतवाड़ा-सेल्दा से बमनाला मार्ग की वेदा नदी पर लागत रु.761.02 लाख से195 मीटर लम्बे पुल का कार्य अंतिम चरण में है। जिसकी सभी स्लैब डाली जा चुकी है और पहुंच मार्ग सहित अन्य कार्य भी शीघ्र पूर्ण किये जावेंगे। सहायक प्रबंधक पर्वतसिंह चौहान ने बताया कि उक्त पुलों की अधिक लम्बाई एवं वित्तीय-समस्या और अन्य दिक्कतों के चलते कार्य में विलम्ब हो रहा था। शासन द्वारा तीनों ब्रीज की स्वीकृति मिलने पर कार्यादेश,अक्टूबर 2023 में दिया गया था। जिनका कार्य,अक्टूबर 2025 तक पूर्ण करना प्रस्तावित था और इनकी कार्यावधि में वृद्धी की गई थी।

## पानी सप्लाई विवाद पर नपा कर्मचारी से मारपीट: पानी चालू करने को लेकर युवक ने की बहस व गाली-गलौज, एफआईआर दर्ज

**सीहोर ।** शहर में पानी की सप्लाई को लेकर हुए विवाद में नगर पालिका के एक कर्मचारी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना शहर के वार्ड क्रमांक 1 बड़ियाखेड़ी की है, जहां जलप्रदाय ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी पूनमचंद के साथ एक युवक ने मारपीट की।

जानकारी के अनुसार, पूनमचंद ट्यूबवेल के माध्यम से क्षेत्र में पानी की सप्लाई कर रहे थे। इसी दौरान स्थानीय निवासी निखिल वहां पहुंचा और अपनी गली में पहले पानी चालू करने की बात कहने लगा। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया।

कोतवाली में दिए गए आवेदन के अनुसार, आरोपी निखिल ने कर्मचारी के साथ अभद्रता करते हुए गाली-गलौज की और मारपीट की। पीड़ित पूनमचंद ने बताया कि आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। उसने कहा कि पहले उसकी लाइन चालू की जाए, नहीं तो अंजाम भुगतना पड़ेगा।



**नपाकर्मियों में रोष, शिकायत करने थाने पहुंचे :** घटना की जानकारी मिलते ही नगर पालिका के अन्य कर्मचारियों में आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में नपाकर्मी कोतवाली थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। नगर पालिका ने आरोपी निखिल के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने और मारपीट करने के आरोप में सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चैत्र नवरात्र आज से शुरू हो रहे, बुधनी सड़क की हालत बदहाल

# दिखावटी पैचवर्क से नहीं सुधरेगा सलकनपुर मार्ग, नवरात्रि में पदयात्रियों की परेशानी बढ़ेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी



चैत्र नवरात्रि 19 मार्च से प्रारंभ होने जा रही है, लेकिन सलकनपुर मार्ग की स्थिति अब भी चिंताजनक बनी हुई है। मार्ग पर किए जा रहे पैचवर्क को लेकर क्षेत्र में चर्चा है कि यह कार्य केवल दिखावे के लिए किया जा रहा है। इस संबंध में कई बार समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित होने के बाद भी सड़क की स्थिति में कोई विशेष सुधार नहीं हो पाया है।

नवरात्रि के दौरान हजारों श्रद्धालु मां बिजासन के दर्शन के लिए सलकनपुर तक पदयात्रा करते हैं। ऐसे में सड़क पर फैली धूल-मिट्टी और गिट्टी के कारण नंगे पैर चलने वाले पदयात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। गर्मी के मौसम में यह समस्या और अधिक बढ़ने की आशंका है।नवरात्रि से पहले सलकनपुर मार्ग की बदहाली

**नंगे पैर यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को हो रही परेशानी, अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि को नहीं है ध्यान :** चैत्र नवरात्रि वर्ष 2026 इस बार 19 मार्च (गुरुवार) से प्रारंभ होकर 27 मार्च (शुक्रवार) तक श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई जाएगी। नौ दिनों तक चलने वाले इस पावन पर्व पर क्षेत्र सहित दूर-दराज़ से हजारों श्रद्धालु मां बिजासन धाम सलकनपुर में दर्शन के लिए पहुंचते हैं। बड़ी संख्या में भक्त नंगे पैर, जयकारे लगाते हुए पदयात्रा कर मां के दरबार तक पहुंचते हैं।

नवरात्रि के दौरान सलकनपुर धाम की ओर जाने वाले मार्ग पर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें दिखाई देती हैं और "जय माता दी" के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो जाता है। कई श्रद्धालु मनोकामना पूर्ण होने पर परिवार सहित पैदल यात्रा करते हैं। युवा, महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे भी बड़ी आस्था के साथ इस पदयात्रा में शामिल होते हैं।

लेकिन इस वर्ष नवरात्रि से पहले ही सलकनपुर मार्ग की खराब स्थिति को लेकर चिंता की स्थिति बनी है और धाम तक पहुंचने वाले कई स्थानों पर सड़क पर धूल-मिट्टी और गिट्टी फैली हुई है। कहीं-कहीं सड़क उबड़-खाबड़ है तो कई जगह गड्ढे बने हुए हैं, जिससे नंगे पैर चलने वाले श्रद्धालुओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

दोपहर के समय धूप में गरम हुई गिट्टी और धूल भरा रास्ता श्रद्धालुओं के लिए और अधिक कष्टदायक साबित होता है। बुजुर्गों और बच्चों के लिए यह स्थिति और भी कठिन हो जाती है। श्रद्धालुओं का कहना है कि मार्ग की समुचित मरम्मत और साफ-सफाई न होने से पदयात्रा के दौरान आस्था के साथ-साथ असुविधा भी झेलनी पड़ रही है और उनका कहना है कि नवरात्रि जैसे बड़े धार्मिक आयोजन से पहले प्रशासन को मार्ग का निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत कार्य कराना चाहिए, ताकि हजारों श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम यात्रा का अनुभव मिल सके।

लोगों का कहना है कि मार्ग की खराब स्थिति केवल असुविधा ही नहीं बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से भी गंभीर चिंता का विषय है। गड्ढों और फिसलन के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

नवरात्रि के दौरान जब हजारों की संख्या में भीड़ उमड़ती है, ऐसे में यदि मार्ग समतल और सुरक्षित न हो तो किसी अप्रिय घटना की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। समतलीकरण, गड्ढों की भराई, धूल नियंत्रण और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था की जाए। साथ ही पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, चिकित्सा सहायता और सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूत किया जाए।

नागरिकों का कहना है कि यदि प्रशासन समय रहते सक्रियता दिखाए तो हजारों श्रद्धालुओं की पदयात्रा सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित हो सकती है। आस्था और विश्वास के इस महापर्व पर मां बिजासन के दरबार तक पहुंचने वाले हर भक्त को बिना किसी परेशानी के दर्शन मिलें, यही क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं की अपेक्षा है।

## स्कूटी से टकराई तेज रफ्तार बोलेरो, दो की मौत



**सीहोर।** बीते रविवार की रात दोराहा थाना क्षेत्र के ग्राम झरखेड़ा जोड़ के समीप तेज रफ्तार बोलेरो कार के चालक ने आगे जा रही स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बुलेरो के एयरबैग भी उसमें सवार यात्री की जिंदगी नहीं बचा सके, वहीं स्कूटी पर सवार दो लोगों में एक की भी मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार रविवार की रात लगभग 10 बजे आरिफ नगर भोपाल निवासी मोहम्मद नवाज अपने साथी फाजिल के साथ स्कूटी से भोपाल की ओर जा रहा था। झरखेड़ा जोड़ के समीप पीछे से आ रही बुलेरो क्रमांक एमपी 04 ईबी 7116 के चालक ने स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि हादसे में स्कूटी सवार मो। नवाज का एक हाथ कटकर दूर जा गिरा और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि फाजिल गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके अलावा बुलेरो के एयरबैग भी खुल गए, लेकिन उसमें सवार विदिशा निवासी मनोज श्रीवास्तव आ। प्रेम कुमार ने भी मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि बुलेरो चालक सिराड़ी निवासी गजराज विश्वकर्मा को भी गंभीर चोटें आई हैं। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शवों को पीएम के लिए भेजते हुए घायलों को अस्पताल में भर्ती कराते हुए मामले की जांच प्रारंभ कर दी है।

## गणगौर पर्व परंपरा अनुसार मनाया जा रहा

**सीहोर।** अग्रवाल महिला मंडल मंडल द्वारा सीहोर में परंपरा अनुसार गणगौर पर्व मनाया जा रहा है जिसमे मंगलवार को गणगौर का स्वागत हेमा अग्रवाल के घर पर किया गया। साथ ही अग्रवाल समाज की नहिलाओं की गोट जा आयोजन भी हुआ जिसमे गेम्स प्रतियोगिता सोलह श्रृंगार और रैंप वाक पर इतराती इठलाती बहू बेटियों ने भाग लिया।

गणगौर में महिलाओं ने पहले पारस्परिक गीत गाये और बाद में ईशर गौरा को झाले दिए जिसमे महिलाओं ने हर्षोल्लास के साथ गणगौर पर्व को बनाया। इस पर्व में सभी सोलह श्रृंगार करके महिलाए अपने घर से निकलती है। अग्रवाल पंचायती भवन से गणगौर लेकर सभी ढोल ढमाके के साथ गणगौर लेकर बाघ बगीची अग्रवाल के बुध्यावार को गणगौर तारा अग्रवाल द्वारा स्वागत किया जाएगा। जिसका आयोजन जगदीश मंदिर सब्जी मंडी पर रखा गया है। अध्यक्ष अग्रवाल महिला मंडल रुक्मणी रोहिला, प्रेमलता रूठिया, तारा



अग्रवाल, मोहिनी अग्रवाल, हेमा अग्रवाल, मालती अग्रवाल, संध्या मोदी, मंजू भारतीय, ज्योति रूठिया, मधु गोयल, ममता पितलिया सभी ने उस पर्व को मनाने की कामना की है 19 तारीक को सिंजरा रहेगा जो की गांधी पार्क जाएगा उस दिन गणगौर स्वर्णकार समाज के द्वारा गाजे बाजे से गणगौर निकाली जाएगी।